# मेरा श्याम सलोना रे | By Rahul Sharma (Palam Wale)

मेरा श्याम सलोना रे देखो दोनों हाथ लुटाये
जो कोई मांगे सच्चे मन से झोली भर ले जाए
मेरा श्याम सलोना रे …………

कहने वाला हो तो ये भक्तों की बात बनाता
सुन पुकार भक्तों की बाबा दौड़ा दौड़ा आता
तू भी अरज़ लगा ले रे बन्दे काहे को शर्माए
जो कोई मांगे सच्चे मन से झोली भर ले जाए
मेरा श्याम सलोना रे …………

नहीं खज़ाना खाली हो भरपूर रहे भंडारा
भक्तों को जी भर के लुटाता बाबा श्याम हमारा
तू भी ज्योत जगा ले रे तेरी दीवाली मन जाए
जो कोई मांगे सच्चे मन से झोली भर ले जाए
मेरा श्याम सलोना रे …………

हाथ हज़ारो इनके भैया थके नहीं मेरा बाबा
लेने वाला थक जाता जब बाबा श्याम लुटाता
तू भी शक्ति पा ले रे बन्दे मौका काहे गंवाए
जो कोई मांगे सच्चे मन से झोली भर ले जाए
मेरा श्याम सलोना रे …………

दया लूट ले सांवरिया की मातरडत का कहना
श्याम सुन्दर का प्यार मिले तो सदा मौज में रहना
किस्मत आज खुला ले रे तेरे सोये भाग जगाये
जो कोई मांगे सच्चे मन से झोली भर ले जाए
मेरा श्याम सलोना रे …………

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%b2%e0%a5%8b%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-rahul-sharma-palam-wale/